अमर उजाला 30/08/2023

# विज्ञापन बनाने में जसबीर सिमरनजीत, उमेश अव्वल

जीएमएन कॉलेज में स्टाफ के साथ विज्ञापन बनाओ प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में प्रबंधन विभाग ने बीबीए व बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए ऐड मैड प्रतियोगिता करवाई गई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चार-चार की टीम बनाकर हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्पादों पर विज्ञापन प्रस्तुत किए। प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रवनीत ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। प्रबंधन समिति की इंचार्ज डॉ. अमिता ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सहायता की।

प्रतियोगिता में सिमरनजीत कौर, जसबीर सेजल व उमेश ने प्रथम स्थान, ध्रुव, सुहानी, श्रेया, युविका ने द्वितीय और एकता, अनीशा और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सीमा कंसल, डॉ. तृप्ति शर्मा ने निभाई।